पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———–

राज्यपाल ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, निराला नगर लखनऊ में 'आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला' का लोकार्पण किया

————

विकसित भारत के निर्माण हेतु छात्र–छात्राओं को शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक

————

नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण, प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम व पुस्तकें तैयार की जाएं

————

कक्षा 01 से 05 तक के विद्यार्थियों को दी जाए मातृभाषा में शिक्षा

————

महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच0पी0वी0 टीका अवश्य लगावें

————

पानी व पर्यावरण का करें संरक्षण

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————

लखनऊ : 08 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर में निर्मित आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला का लोकार्पण किया गया। राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में शामिल छोटे बच्चों से मिलकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भारत देश को आगे बढ़ाने व विकसित देश बनाने हेतु सभी छात्र–छात्राओं के लिए शिक्षा और संस्कार आवश्यक है ताकि बच्चों का अपने माता–पिता, शिक्षकों, पड़ोसियों, तथा मित्रों के प्रति व्यवहार अच्छा हो सके।

इस अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोरम प्रस्तुति दी गई।

राज्यपाल जी ने नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाए, इसके आधार पर शिक्षकों का प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम और पुस्तकें तैयार हो। उन्होंने कहा कि कक्षा 01 से 05 तक मातृभाषा में शिक्षा दिया जाना चाहिए। बच्चों को स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान करने से वे अच्छी तरह से समझ पायेंगे।

माननीय राज्यपाल ने महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सभी महिलाओं को 30 साल के बाद हर 6 महीने में इसकी जांच करवानी चाहिए। यदि शुरुआत में ही इसकी जांच हो जाए तो हम कई माताओं का जीवन बचा पाएंगे। उन्होंने कहा इस कार्य हेतु राजभवन का अपेक्षित सहयोग रहेगा। राज्यपाल जी ने 09 से 14 वर्ष की बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच0पी0वी0 टीकाकरण के 02 डोज तथा 14 से 18 वर्ष की बालिकाओं में इसके 03 डोज लगाए जाने को कहा। उन्होनें कहा इस हेतु राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से टीकाकरण की शुरुआत हुई है और लखनऊ के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के अब तक 200 बालिकाओं को यह वैक्सीन दिलवाया जा चुका है और जल्द ही लखनऊ के सभी 08 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं का टीकाकरण किया जाएगा।

राज्यपाल जी ने कहा कि भारत की बेटियों ने कई जगह अपने परचम लहराए हैं, इनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। उपस्थित छात्र–छात्राओं को सलाह देते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि अच्छी तरह से पढ़िए, अच्छी तरह से चबा चबा कर खाइए, पानी की बर्बादी ना करें। अच्छी आदतों को छोटी उम्र से ही विकसित करें। देश के जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

इस अवसर पर लखनऊ नगर निगम की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री रामतीर्थ वर्मा व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

———————

सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन,
सम्पर्क सूत्र–8318116361